हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 4.75 लाख की साइबर ठगी में 4 लाख किए बरामद, 4...




07 श्रद्धालुओं ने निकाली श्रीहनुमान जयंती ...



### हनुमान प्राकट्य उत्सव पर हनुमान मंदिरों में हुए विभिन्न आयोजन

## मंदिरों में गूंजे अंजनीलाल के जयकारे









**मंदिरों में 56 भोग लगाया, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा के हुए पाठ**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

हनुमान प्राकट्य उत्सव के पर्व पर नगर सहित अंचल के ग्रामों में स्थित हनुमान मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ संकट मोचक का मनमोहक व आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिरो में पवनसुत को 56 भोग लगाया गया। सुंदरकांड, हनुमान चालीसा के पाठ हुए। कई मंदिरों में हवन एवं महाआरती के कार्यक्रम भी हुए। गुरुवार को हनुमान प्रकटोत्सव पर नगर के श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर जहाँ विगत दिनों हनुमान जी द्वारा चोला छोड़ा गया था गत चार दिनों से चल रहे अनुष्ठान के उपरांत हनुमान जी के नवीन व दिव्य दर्शन हुए। दोपहर 12 बजे महाआरती की गई एवं महाप्रसादी का वितरण किया गया। दिनभर रामधुन के बाद रात्रि में संगीतमयी सुंदरकांड का आयोजन हुआ।

मां बगलामुखी मंदिर के मुख्य सिंह द्वार के बाहर स्थित श्री सूर्यमुखी हनुमान मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। हनुमान जी की प्रतिमा का श्रृंगार कर दोपहर 12 बजे महाआरती पश्च्यात सुंदरकांड का आयोजन हुआ। इसके पश्चात भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया। गुरुवार को अंजनी लाल पवन पुत्र हनुमान के प्राकट्य उत्सव पर प्राचीन पाण्डवकालीन बल्डावदा हनुमान मंदिर भक्तों की आस्था उमड़ी। पर्व को लेकर मंदिर व परिसर को सजा कर प्रातःकाल से ही दर्शनार्थ आए भक्तो को प्रसादी का वितरण किया गया वहीं शाम को मंदिर परिसर में महाआरती कार्यक्रम भी हुआ।

बगलामुखी मंदिर परिसर में स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर पर पवन पुत्र का मनोहारी श्रृंगार किया गया। दोपहर 12 बजे महाआरती का कार्यक्रम हुआ। सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों द्वारा भाग लिया गया। आरती प्रसाद प्रसादी का वितरण भी किया गया। चौक बाजार स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ व हवन के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुवे तथा रात्रि में महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तो द्वारा भाग लिया गया। आरती पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। सरदार पटेल चौराहा स्थित श्री सूर्यमुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर पर दोपहर 12 बजे महाआरती एवं सुंदरकांड का आयोजन हुआ।

इसके साथ ही नगर के गवलीपुरा स्थित पायगा वाले हनुमान मंदिर, अलिजा महाराज स्थित हनुमान मंदिर, श्री दास हनुमान मंदिर, गुदरावन स्थित बावड़ी वाले हनुमान मंदिर सहित सभी मंदिरों पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ, महाआरती जैसे आयोजन हुए। सभी मंदिरों को पुष्पों से सजाकर आकर्षक विद्युत सज्ज़ा भी की गई थी। दिनभर भक्त दर्शनार्थ मंदिरों में पहुंचते रहे।

### कई जगह प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन

## हनुमान जन्मोत्सवः मंदिरों की साज-सज्जा के साथ जगह-जगह हुए धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

संकट मोचन श्री राम भक्त वीर हनुमान का प्राकट्य जन्मोत्सव गुरूवार को नगर सहित अंचल के सभी हनुमान मंदिरों में हर्षाल्लास के साथ मनाया गया।भगवान श्री राम के अनन्य भक्त संकट मोचन वीर बली हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही रामायण पाठ एवं पूजा पाठ एवं अनुष्ठान होते रहे साथ ही हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही ।इस पावन



अवसर पर हनुमान मंदिरो को फूलों से सजाया गया और विशेष श्रृंगार कर चोला चढ़ाया गया व आकर्षक श्रृंगार और हवन -पूजन के साथ दोपहर 12 बजे महाआरती की गई। नगर के खेड़ापति हनुमान जी, संकट मोचन हनुमान मंदिर, हनुमान बावड़ी पर विराजित हनुमान जी,कृषि उपज मंडी परिसर में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिरों पर सुबह से ही दर्शन के लिए भीड़ लगी रही। नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिर पर विशेष आरती कर ओम पालीवाल द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों ने प्रसादी के रूप में भोजन ग्रहण किया।


### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कानड़।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अखिल भारतीय आंगनवाड़ी संघ के आवन पर पोषण ट्रैकर पर कार्य बंद करने के निर्देश दिए गए हैं इस संबंध में संघ के प्रदेश महामंत्री संगीता श्रीवास्तव द्वारा सभी कार्यकर्ताओं से अपील की गई है कि किसी भी परिस्थिति में पोषण ट्रैकर पर कार्य न करें प्रदेश मंत्री हेमलता जोशी ने बताया कि इस संबंध में कलेक्टर सर डीपीओ सर को आवेदन देकर सूचित किया गया है कि आप हमारे अधिकारों की लड़ाई में हमारा साथ दीजिए साथी उनसे हमें यह आश्वासन मिला है कि किसी भी कार्यकर्ता पर पोषण ट्रैकर एप पर काम करने के लिए दबाव नहीं बनाया जाएगा संघ के अनुसार यह कदम कार्यकर्ताओं के अधिकारों की मांग को लेकर उठाया गया है कार्यकर्ताओं का कहना है कि पिछले 3 वर्षों से केंद्र सरकार द्वारा मानदेय कोई वृद्धि नहीं की गई है जबकि कई बार धरना प्रदर्शन एवं मांग पत्र सोंपा जाने के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

## बाल हनुमान के साथ निकली प्रभात फेरी



**नलखेड़ा।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर में प्रारम्भ हुई श्रीराम संकीर्तन यात्रा अनवरत जारी है। श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा वर्ष भर में आने वाले पर्व व त्यौहार प्रभातफेरी में मनाए जाते है। इसी के चलते गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बाल हनुमान के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। प्रतिदिन अनुसार गुरुवार को भी प्रातः 5.30 बजे श्रीराम संकीर्तन यात्रा चौक बाजार से प्रारम्भ हुई। जिसमे एक बालक बाल हनुमान के स्वरूप में शामिल था। प्रभातफेरी में भक्त झांझ मजीरों व ढोलक की थाप पर हनुमान जी के भजन व रामायण की चौपाइयां गाते चल रहे थे। प्रभातफेरी अपने प्रतिदिन के मार्गो से होती हुई चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंची जहां सुबह 6.30 बजे महाआरती कर राम स्तुति उपरांत समापन हुआ।



**खबर संक्षेप**

### पुलिस ने लूट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**देवास।** पुलिस ने लूट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लूटी गई पूरी रकम, घटना में प्रयुक्त हथियार और वाहन बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई जनता के सहयोग और सीसीटीवी फुटेज की मदद से की। यह घटना 31 मार्च 2026 की रात की है। फरियादी, जो एक बर्फ गोला विक्रेता है, ग्राम पामारोडी से बाजार कर लौट रहा था। ग्राम बाईजगवाड़ा बिजली ग्रिड के पास एक अज्ञात पल्सर सवार आरोपी ने चाकू की नोक पर उसे रोककर उसका पर्स लूट लिया। फरियादी की शिकायत पर थाना सतवास में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए, देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन और एसडीओपी कन्नौद आदित्य तिवारी के निर्देशन में थाना प्रभारी सतवास निरीक्षक विक्रांत झझोट के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इन फुटेज को डिजिटल पुलिस मित्र व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा किया गया। आम नागरिकों की सजगता और सहयोग से संदेही की पहचान निलेश पंवार के रूप में हुई, जो ग्राम टांडी भंडारिया का निवासी है। तकनीकी साक्ष्य और जनता से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 24 वर्षीय आरोपी निलेश पंवार, निवासी टांडी भंडारिया को गिरफ्तार कर लिया।

### इ जीरो एफआईआर: पुलिस ने 1500 किमी दूर झारखंड गैंग का किया पर्दाफाश

# 4.75 लाख की साइबर ठगी में 4 लाख किए बरामद, 4 आरोपी भी गिरफ्तार

### ऑपरेशन साइबर में 2.50 करोड़ से ज्यादा राशि होल्ड, 2500 मोबाइल नंबर ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मध्यप्रदेश में साइबर अपराधों पर लगाम कसने के लिए लागू की गई इ जीरो एफआईआर प्रणाली अब असर दिखाने लगी है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में देवास पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 1500 किलोमीटर दूर झारखंड के गिरिडीह जिले में सक्रिय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है।

**4.75 लाख की ठगी, 4.01 लाख बरामद**

मामला 3 जनवरी 2026 का है, जब नाहर दरवाजा क्षेत्र निवासी युवक के साथ 4.75 लाख रुपये की साइबर ठगी हुई थी। व्हाट्सएप पर "RTO Chalan.apk" नाम की फाइल डाउनलोड करते ही मोबाइल हैक हो गया और खाते से रकम निकल गई। शिकायत मिलते ही e-FIR दर्ज कर पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने बैंक खातों को फ्रीज करवाया और डिजिटल ट्रेल के जरिए आरोपियों तक पहुंच बनाई। कार्रवाई में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4.01 लाख रुपये और 4 मोबाइल फोन जब्त किए गए।

**1500 किमी दूर झारखंड से गिरफ्तारी**

जांच में सामने आया कि आरोपी गिरिडीह (झारखंड) के संगठित गिरोह से जुड़े हैं। देवास पुलिस ने टीम भेजकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**ऑपरेशन साइबर" का असर**

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देशन में चलाए जा रहे "ऑपरेशन साइबर" के तहत अब तक 2.50 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी राशि होल्ड करवाई गई है, जबकि 2.43 करोड़ रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए जा चुके हैं।

**2500 मोबाइल नंबर ब्लॉक**

साइबर ठगी पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने अब तक 2500 संदिग्ध मोबाइल नंबरों को ब्लॉक करवाया है, जिससे ठगों के नेटवर्क पर बड़ा असर पड़ा है।

**e-Zero FIR से मिल रही त्वरित राहत**

इस नई प्रणाली के तहत 1 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी की शिकायत 1930 हेल्पलाइन या पोर्टल पर दर्ज होते ही स्वतः e-FIR दर्ज हो जाती है। इससे शुरुआती "गोल्डन ऑवर" में कार्रवाई कर राशि फ्रीज करना आसान हो गया है और पीड़ितों को जल्द राहत मिल रही है।

**पुलिस टीम की अहम भूमिका**

कार्रवाई में नाहर दरवाजा थाना और साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने तकनीकी जांच और त्वरित कार्रवाई से आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी नाहर दरवाज निरीक्षक अमित सोलंकी,उनि जगदीश चौहान,प्रधान आरक्षक नितेश द्विवेदी,धर्मराज सिंह,यशवंत तोमर,आर नवदीप महाजन एवं प्रभारी सायबर सेल प्रआर शिवप्रताप सिंह सेंगर, प्रआर सचिन चौहान, मप्रआर गीतिका कानूनगो,मआर आरती सिंह,मआर नैना खान,निशा पाटोरिया,आर मोनू राणावत, राहुल बडोले का विशेष योगदान रहा।

# किसानों ने समर्थन मूल्य मुआवजा और नरवाई मुद्दे पर जताई नाराजगी

**6 अप्रैल को दी उग्र आंदोलन की चेतावनी**




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

सरकार की नीतियों से नाराज किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद कर दी है। भारतीय किसान संघ तहसील इकाई हाटपिपल्या के बैनर तले किसानों ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।किसानों का आरोप है कि मंडियों में फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं और समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में भी देरी की जा रही है। उन्होंने मांग की कि गेहूं, चना और सरसों की खरीदी बिना लिमिट के तुरंत शुरू की जाए तथा गेहूं को 2700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाए।ज्ञापन में सहकारी संस्थाओं की ड्यू डेट 15 जून तक करने, ऋण प्रक्रिया सरल बनाने और ब्याज राहत देने की मांग भी रखी गई। वहीं नरवाई जलाने पर कार्रवाई को अनुचित बताते हुए किसानों ने इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने की बात कही।किसानों ने ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों के मुआवजे और बीमा क्लेम में हो रही देरी पर भी नाराजगी जताई। जिला अध्यक्ष हुकम पटेल ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो 6 अप्रैल को बड़ा उग्र आंदोलन किया जाएगा।इस दौरान नारायण यादव, देवकरण पाटीदार, चंपालाल पाटीदार सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### रिकॉर्ड वसूली पर ठेकेदारों ने किया निगम आयुक्त व अधिकारियों का सम्मान



**देवास।** रिकॉर्ड वसूली पर ठेकेदारों ने निगम आयुक्त व अधिकारियों का सम्मान किया। नगर पालिक निगम ठेकेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष धनंजय गायकवाड ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर निगम द्वारा की गई रिकॉर्ड वसूली से ठेकेदारों एवं एसोसिएशन में खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया कि शहर के विकास कार्यों में लगे ठेकेदारों के भुगतान नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार एवं उपायुक्त दीपक पटेल द्वारा समय पर किए जाने से सभी में संतोष और उत्साह देखा जा रहा है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में ठेकेदारों ने आयुक्त दलीप कुमार एवं उपायुक्त दीपक पटेल का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रतीक शास्त्री, हकीम पटेल, वकार भाई, ठेकेदार संजीत बंजारे, नयन गोयल, आरिफ शेख सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। आयुक्त दलीप कुमार ने इस दौरान आश्वासन दिया कि आगामी समय में भी ठेकेदारों के भुगतान की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रखी जाएगी, जिससे शहर के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



हनुमान जयंती के अवसर पर नगर सहित आसपास के गांवों में सभी हनुमानजी के मंदिरों पर विभिन्न प्रकार के आयोजन आयोजित हुए। चापड़ा नगर में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नेमावर रोड स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पर समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। जहां पर पंडित यज्ञाचार्य माधव शास्त्री ,दीपक त्रिवेदी,पवन उपाध्याय, विजय कुमार त्रिवेदी व्दारा तीन दिवसीय यज्ञ संपन्न हुआ। यज्ञ में 10 यजमानों व्दारा नगर कि सुख-शांति की कामनाओं को लेकर आहुति डाली गई। इस दौरान मंदिर को लाईटींग व फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। गुरुवार को भगवान हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमानजी का जलाभिषेक कर आकर्षक श्रंगार किया गया एवं पूर्णाहुति के साथ तीन दिवसीय यज्ञ का सम्पन्न हुआ। धारु सिंग पाटीदार, दिनेश पाटीदार कि ओर से 56 भोग हनुमानजी को लगाया गया। इसके पश्चात सभी नगर वासियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया। महाआरती की बोली जितेंद्र प्रजापत ने 9151 रुपये में लेकर आरती का लाभ लिया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। सुबह पूर्ण आहुति से पहले नगर में चल समारोह निकाला गया। इस दौरान नगर के सभी नागरिकों का सहयोग रहा है। समापन अवसर पर मंदिर समिति व्दारा यज्ञाचार्यो का अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

### चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर पलट भेरू के दरबार में हवन, पूजन महाप्रसादी का हुआ आयोजन



**भौरासा।** नगर के बस स्टैंड पर स्थित पलट भैरू महाराज के दरबार मे गुरुवार को हवन पूजन के साथ भव्य आरती का आयोजन हुआ जिसे पंडित विवेक शर्मा के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ कराया गया। यहां पर बस स्टैंड पर लोगों के जन सहयोग से बाबा पलट भेरू महाराज के मंदिर का लोगों द्वारा निर्माण करवाया गया। चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर लोगों के द्वारा हवन पूजन व महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अमलतास विश्वविद्यालय में 'दीक्षांत समारोह' आयोजन आज, मंत्री वीरेंद्र कुमार होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




अमलतास विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विश्वविद्यालय का वार्षिक 'दीक्षांत समारोह' आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम में भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

वहीं कार्यक्रम की विशिष्ट गरिमा बढ़ाने के लिए विशिष्ठ अतिथि जगदीश देवड़ा उप मुख्यमंत्री म.प्र. कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल , निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग अध्यक्ष डॉ. खेम सिंह डेहरिया , देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक गायत्री राजे पंवार, हाटपिपलिया विधायक मनोज चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

इस दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों, विशेषकर मेडिकल, नर्सिंग और पैरामेडिकल सहित अन्य विभागों के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए उपाधियाँ (Degrees) प्रदान की जाएंगी। कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह पल उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि का गवाह बनेगा। मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथियों द्वारा स्वर्ण पदक से भी नवाजा जाएगा।अमलतास विश्वविद्यालय के चेयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया की दीक्षांत समारोह का मुख्य उद्देश्य केवल उपाधि वितरण नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को समाज के प्रति उनके उत्तरदायित्वों का बोध कराना है।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति व कुलपति द्वारा विद्यार्थियों को 'दीक्षांत शपथ' दिलाई जाएगी, जिसमें वे अपनी अर्जित शिक्षा का उपयोग मानवता के कल्याण और राष्ट्र निर्माण में करने का संकल्प लेंगे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के मंदिरों में हुए भंडारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर के मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई वही छोटा हनुमान चौक पंचमुखी हनुमान मंदिर, गढ़ी मंदिर पर बाबा खेड़ापति गढी वाले सरकार, भौरासा फाटे रोड पर स्थित श्री बालाजी सरकार, खेडी पर स्थित श्री खेड़ा पति सरकार, कुमावत मोहल्ले में स्थित श्री खेड़ापति सरकार, पंडक पाल रोड पर स्थित श्री पंढकपुरी सरकार सहित खेड़े पर स्थित श्री खेड़ा पति सरकार व भलाई खुर्द मे स्थित श्री सूर्यमुखी हनुमान मंदिर मे दिन भर कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही बड़े हनुमान चौक में स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर विशेष विद्युत सज्जा, विशेष श्रृंगार, भव्य आरती सहित सुंदरकांड विशेष प्रसादी वितरण किया गया। वही गड़ी मंदिर पर स्थित बाबा श्री खेड़ापति का विशेष श्रृंगार कर प्रसाद वितरण किया गया। छोटे हनुमान चौक में मंदिर को पुष्प मालाओं से सजाया गया। भव्य भंडारे का आयोजन हनुमान सेवा समिति द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजित किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि छोटे हनुमान चौक मे स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्री हनुमान जन्म उत्सव के पावन अवसर पर शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पंचमुखी हनुमान की महाआरती के साथ भंडारा प्रारंभ हुआ।

### कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# जल स्त्रोतों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



बुधवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने ग्रीष्म ऋतु के चलते पेयजल की समस्या से ग्रसित ग्रामों के निराकरण के लिए एमपीईबी को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायतों में विद्युत की कटौती न करें। जिससे ग्रामों में ग्रीष्म ऋतु में पीने के पानी की पर्याप्त उपलब्धता रहे। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि पेयजल स्त्रोतों का तुरंत अधिग्रहण किया जाएं ताकि उनपर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो पाए और नागरिकों को पीने का पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देश दिए कि जिले में बंद नल कूपों की जांच करें एवं शीघ्र दुरूस्त किया जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि पीने के पानी का उपयोग अन्य जरूरी उपयोगों में न किया जाएं। इसके लिए वैकल्पिक जल स्त्रोतों के पानी का उपयोग किया जाएं। उन्होंने कहा कि नेमावर वाटर सप्लाई के लिए निर्माणाधीन पानी की टंकी कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाएं ताकि नागरिकों शीघ्र की उपलब्धता हो सकें। बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से जिले में "जल गंगा संवर्धन अभियान" का शुभारंभ 19 मार्च से हो गया है जो कि 30 जून तक संचालित होगा। अभियान अंतर्गत पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत के साथ-साथ, रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग, रिचार्ज पिट एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे कार्य किए जाएं। जल स्त्रोतों के संवर्धन एवं जीर्णोद्धार की विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले में अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी पोर्टल भी समय सीमा में अपलोड करें। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सभी विभाग जल संचय के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए ब्लू स्टार वाटर अवॉर्ड सर्टिफाइट बने। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में सभी जल स्त्रोतों, तालाबों से अतिक्रमण मुक्त कराएं। इसके लिए शीघ्र कार्य प्रारंभ कर दें। बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि 01 अप्रैल से नवीन शिक्षण सत्र 2026-27 प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि नवीन शिक्षण सत्र में विद्यार्थियों को पढ़ाई में किसी भी प्रकार समस्याएं नहीं आएं इसके लिए तैयारी प्रारंभ कर दें। निर्माणाधीन स्कूल भवनों को शीघ्र तैयार कर उनमें कक्षाएं लगाना प्रारंभ करें। उन्होंने स्कूल के रंग-रोगन, साफ-सफाई एवं अन्य जरूरी कामों को करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित छात्रावासों को सुव्यस्थित किया जाएं, वहां पर साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं पर्याप्त बेड की व्यवस्था की जाएं जो भी तैयारियों हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएं। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान यदि कमी पाई गई तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी सांदीपनि विद्यालयों का निर्माण हो गया है, बच्चों को शिफ्ट कराकर पढ़ाई वहां प्रारंभ करें। बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं उपार्जन की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य 10 अप्रैल से प्रारंभ होने वाला है। इसके लिए जिले में उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर पंजीकृत किसानों से गेहूं उपार्जन किया जाएगा। इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाए तथा किसानों के लिए पेयजल, छाया, टोल कांटा, बारदान सहित अन्य तैयारियों पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों के सत्यापन की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि यदि नाम में भिन्नता आती है तो उन किसानों का पुनः पंजीयन कराया जाएं। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि अप्रैल से नवीन वित्तीय वर्ष का प्रारंभ हो गया है। सभी विभाग अपने विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति के लिए कार्य योजना बना लें एवं विभागीय लक्ष्यों के अलावा भी नवाचार करते हुए जिले के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य करें। उन्होंने आगामी वर्षा ऋतु में पौधारोपण करने के लिए तैयारियों अभी से कर लें। इसके लिए सभी विभाग कार्य योजना बना लें।

### नरवाई जलाने पर किसानों पर कमलापुर थाने पर हुआ अपराध दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह के आदेशों का उल्लंघन कर खेत में नरवाई (फसल अवशेष) जलाने वाले तीन किसानों के विरुद्ध कार्यवाही की गई।कमलापुर थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि बुधवार को पुलिस को डायल 112 एवं ग्रामीणों से कमलापुर कस्बे के पास खेतों में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची। वहाँ देखा गया कि गेहूँ की कटाई के बाद बचे हुए नरवाई और फसल अवशेषों (नरवाई) में बिना किसी सुरक्षा उपाय के आग लगाई गई थी। आग से उठने वाली चिंगारियों के कारण आस-पास के खेतों और संपत्तियों में बड़ी आग लगने की गंभीर संभावना निर्मित हो गई थी। साथ ही भारी मात्रा में धुआँ उत्पन्न होने से गंभीर पर्यावरण प्रदूषण भी हो रहा था। जाँच में पाया गया कि यह आग खेत पर फसल लेने वाले व्यक्ति शहाबुद्दीन पिता शेख गब्बर निवासी कमलापुर द्वारा लगाई गई थी। आदेश के उल्लंघन को ध्यान में रखते हुए, आरोपी के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त सराहनीय कार्य में सर्जनसिंह मीना थाना प्रभारी थाना कमलापुर, प्र.आर सत्यप्रकाश मिश्रा, प्र. आर.योगेश यादव, प्र. आर. सचिन कश्यप थाना कमलापुर की भूमिका रही।

## नगर की सड़कों पर रही राम नाम की गूंज, धार्मिक आयोजनों के साथ कई स्थानों पर भंडारे किए गए आयोजित

# श्रद्धालुओं ने निकाली श्रीहनुमान जयंती शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में श्रीहनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा तुवन मंदिर से शुरू हुई। श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा से पहले महंत रामलखन दास ने तुवन सरकार की पूजा-अर्चना की। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भी पूजन में भाग लिया।

शोभायात्रा में सबसे आगे विभिन्न मंदिरों के पुजारी धर्म पताका लेकर चल रहे थे। उनके पीछे हनुमान जी की झांकी थी, जिसके साथ अखाड़े के युवा करतब दिखा रहे थे। यात्रा का मार्ग तुवन मंदिर से तहसील चौराहा, सदर कांटा, पानी की टंकी, सुभाषपुरा, महावीरपुरा, रावरपुरा, चौबेयाना, आजाद चौक, सावरकर चौक और घंटाघर होते हुए वापस तुवन मंदिर तक रहा। शाम 5 बजे शुरू हुई यात्रा रात 11 बजे तक चली। विभिन्न समाजों जैसे पाल समाज, युवा ब्राह्मण समाज, गहोई समाज, रायकवार समाज, राठौर समाज, साहू समाज और चित्रगुप्त कायस्थ समाज ने जगह-जगह स्वागत किया और प्रसाद का वितरण किया। नगर पालिका परिषद, प्रेस क्लब और जय अम्बे रक्तदान समिति भी इस आयोजन में शामिल रहीं। हर वर्ष की तरह इस बार भी शोभायात्रा में बैंड-बाजे, बग्गियां, मंदिरों के ध्वज, आकर्षक झांकियां और विभिन्न अखाड़ों के प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र रहे। प्रमुख अखाड़ों में श्रीहनुमान दल अखाड़ा, भारत सेवा मंडल व्यायामशाला, कंचन व्यायामशाला, आजाद व्यायामशाला, लव कुश व्यायामशाला, कौशल किशोर व्यायाम, दुश्मन फटकार व्यायामशाला, रामराजा व्यायामशाला, हनुमान धारा व्यायामशाला, विष्णु गुरुकुल व्यायामशाला, संकट मोचन व्यायामशाला, महाकाल अखाड़ा, ब्रजधाम अखाड़ा तथा वीरांगना लक्ष्मीबाई अखाड़ा (बिरधा) सहित कई अखाड़े शामिल रहे। नगर में लगभग डेढ़ सैकड़ा से अधिक स्थानों पर पंडाल एवं तोरण द्वार बनाकर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। समिति पदाधिकारी एवं सदस्य आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियों में जुटे रहे। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी, रमेश कुमार रावत, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, मंत्री राकेश तामिया, संयोजक जगदीश पाठक, संगठन मंत्री भरत रिछारिया, अवधेश कौशिक, शुभम कौशिक, धर्मेंद्र चौबे, के.के. साहू, शिवकुमार शर्मा, मुन्नालाल त्यागी, कृष्णकांत तिवारी सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, सीओ सिटी अजय कुमार और एसडीएम सदर मनीष कुमार पूरी शोभायात्रा में मौजूद रहे। यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### भव्य आयोजन के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**ललितपुर।** श्रीश्री 1008 श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और जय श्रीराम व जय हनुमान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसे हरि शर्मा रामायणी द्वारा भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत विधि-विधान से हवन-पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराए गए। श्रद्धालुओं ने बड़ी आस्था के साथ हवन में भाग लेकर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगल कामना की। मंदिर प्रबंधक एवं आयोजनकर्ता पं. महेश प्रसाद शर्मा (एडवोकेट) द्वारा श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी एवं हलुआ प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. मुकुट बिहारी रावत ने कहा कि यह मंदिर आस्था का प्रमुख केन्द्र है और सच्ची श्रद्धा से आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। इसके पश्चात मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों के बीच जयकारों से माहौल गुंजायमान रहा। विशेष आकर्षण के रूप में बग्घी पर हनुमान जी के स्वरूप में रावत परिवार के बालक विराजमान रहे, जिनका श्रद्धालुओं द्वारा तिलक कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पं. शंभूदयाल शर्मा (पूर्व महामंत्री, जिला बार), त्रिलोकीनाथ कटारे (एडवोकेट), बादाम सिंह यादव (पूर्व शासकीय अधिवक्ता), प्रदीप नारायण पाराशर (एडवोकेट), रमेश्वर प्रसाद तिवारी, शिवनारायण तिवारी, हरिहर नारायण तिवारी, सत्यनारायण रावत, राजनारायण रावत, आदित्य नारायण रावत, देवेश शंकर तिवारी, सुरेशचंद्र शर्मा, पं. श्रीकृष्ण शर्मा (गोलू), भैयन पाल, विक्रम सिंह परमार, बबलू पाल, भानुप्रताप सिसोदिया, पत्रकार सुरेंद्र कुमार (रिंकू), पुष्पेंद्र राजा, मुकुट भार्गव, सुखसाहब परमार, कृष्ण कुमार बबेले, परशुराम बबेले, रामलाल प्रजापति, पार्षद कुंदन पाल, पं.राजकुमार गोस्वामी (पुजारी), राजकुमार गुप्ता, राजाराम पाल, बिहारी पाल, राहुल तिवारी, अशोक सिसोदिया, आशीष सिंह, रमेशचंद्र सोनी, नरेंद्र सिंह, चमन महाराज, गिरधारी शर्मा, पं. गिरजाशंकर दुबे, पं. रामसेवक मिश्रा, पं. राजीव मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। महिलाओं में अनीता शर्मा, चंदा श्रीवास्तव, ऊषा सिसोदिया, वर्षा शर्मा, रानी शर्मा, मीरा पाठक, सुनीता पंथ, सीमा पाल, कपूरी पाल, विमला पाल, प्रभा पाल, माया प्रजापति, शीला पंथ, अहिल्या सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार सुरेंद्र कुमार (रिंकू) द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। पूरे आयोजन में लगभग 500 से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और सभी ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## हनुमान जन्मोत्सव पर तालाबपुरा में भव्य सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन



**ललितपुर।** श्रीगौशाला अखाड़ा, तालाबपुरा में श्रीहनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर बुधवार को भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शीलचंद्र जैन (पप्पी) की अध्यक्षता में एवं गौशाला अखाड़ा तालाबपुरा परिवार के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस दौरान 1 अप्रैल 2026 को सुंदरकांड का पाठ दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। इसके उपरांत कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन शाम 5 बजे से प्रभु इच्छा तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, विजय विक्रम सिंह बुंदेला (नाती राजा), आदर्श जैन, मुन्नालाल जैन, सुशील यादव, शान्त सागर साहू, संजय जैन, सुनील सोनी, फूलचंद विश्वकर्मा, कैलाश यादव, जिला पंचायत सदस्य भवानी सिंह यादव, भगवत नारायण बाजपेई, रामकृष्ण कुशवाहा एड. सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु भी शामिल हुए, जिनमें कल्लू सोनी, अरविंद, नरेन्द्र पाठक, आशीष तिवारी, पंकज रैकवार, छक्कीलाल साहू, अमित श्रीवास्तव, भरत पुरोहित, हरगोविंद सोनी, हाकिम सिंह, किशन पटेल, रज्जन चतुर्वेदी, मुन्ना तिवारी, हेमंत गिरी, मोनू गिरी, रजनीश गिरी, रजत गिरी, रामरतन माली, मनजीत करौसिया, मनीष पवैया, विक्की सोनी, मुकेश जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और जयश्री राम व बजरंगबली के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर सर्वेश्वर धाम मंदिर में भव्य आयोजन



**ललितपुर।** गोविन्द सागर बांध कॉलोनी स्थित श्रीश्री 1008 सर्वेश्वर धाम मंदिर में हनुमानजी महाराज का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम परम पूज्य गुरुदेव जगद्गुरू डा.स्वामी कृष्ण गिरि महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। सुबह मंदिर में हनुमानजी का आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिसके उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा श्री सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया गया। वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा। दोपहर 12 बजे हनुमानजी महाराज का विधि-विधान से पूजन, अभिषेक एवं हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में अमित कुमार पाण्डेय एवं अभिषेक पाण्डेय ने मुख्य रूप से अभिषेक पूजन किया। इस अवसर पर अशोक कुमार सक्सेना, सुरेशचन्द्र पाण्डेय, जगदीश गोस्वामी, शशांक नामदेव, दीपक, शुभम, देवी शंकर कटारे, अशोक नामदेव, प्रदीप गोस्वामी, वी.के. सरदार एवं महंत गिरीश बाबा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भजन-कीर्तन एवं जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा।

**श्री हनुमान जन्मोत्सव विशेष**

## हनुमानजी की बज्र देह केवल शारीरिक शक्ति का प्रतीक नहीं बल्कि अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की क्षमता का संकेत है



**ललितपुर।** श्रीहनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर स्तम्भकार सिद्धार्थ शर्मा कहते हैं कि वर्तमान समय अनेक प्रकार के संकटों मानसिक तनाव, सामाजिक असंतुलन और नैतिक विचलन से घिरा हुआ है। ऐसे दौर में प्रत्येक व्यक्ति को अपने हृदय में श्री हनुमान जी के आदर्शों को धारण करने की आवश्यकता है। हनुमान केवल आस्था के देवता नहीं, बल्कि साहस, सेवा, निष्ठा और संकल्प के जीवंत प्रतीक हैं। महर्षि बाल्मीकि ने रामायण में उनके अटल निश्चय का अद्भुत चित्रण किया है कि यदि वात्रिदिवे सीतां न द्रक्ष्यामि कृतश्रमः। बद्ध्वा राक्षसराजानमानयिष्यामि रावणम्।। अर्थात यदि सीता जी स्वर्ग में भी न मिलें, तो मैं स्वयं राक्षसराज रावण को बांधकर ले आऊंगा। यह केवल आत्म विश्वास नहीं, बल्कि कर्तव्य के प्रति पूर्ण समर्पण का उद्घोष है। इसी विश्वास को जाम्बवान ने भी लंकाकाण्ड में व्यक्त किया यदि हनुमान जीवित हैं, तो भगवान श्रीराम की विजय निश्चित है। हनुमानजी के लिए हर पीड़ित की सहायता रामकाज है। यही कारण है कि वे संकटमोचक कहलाते हैं। गोस्वामी तुलसीदास की जीवनकथा में भी हनुमान जी का करुणामय रूप देखने को मिलता है, जब उन्होंने चित्रकूट में उन्हें भगवान राम के दर्शन कराकर उनकी चिरसंचित अभिलाषा पूर्ण की। लंकाकाण्ड का वह प्रसंग भी अत्यंत प्रेरणादायक है, जब युद्धभूमि में आहत लक्ष्मणजी के प्राणों की रक्षा हेतु हनुमान जी शत्रु-राजवैद्य सुषेण को उसके औषधालय सहित उठा लाते हैं और फिर संजीवनी बूटी प्राप्त कर जीवनदान दिलाते हैं। यह घटना इस तथ्य को भी रेखांकित करती है कि भारतीय संस्कृति मूलतः विज्ञानसम्मत है जहां उपचार में आस्था के साथ-साथ समय, विधि और औषधि का भी समुचित महत्व है। हनुमान चालीसा में उनके व्यक्तित्व का सरल किंतु प्रभावशाली वर्णन मिलता है। वज्र देह केवल शारीरिक शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की क्षमता का संकेत है। जय जय जय कपि शूर का उद्घोष हमें यह संदेश देता है कि न्याय और समता की स्थापना के लिए प्रत्येक व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ होना आवश्यक है। निष्क्रिय और उदासीन जीवन केवल बोझ बढ़ाता है, परिवर्तन नहीं लाता। देश के उत्तर से दक्षिण और पूर्वोत्तर से लेकर विदेशों तक हनुमान जी की लीलाएँ जन-जन में ऊर्जा का संचार करती हैं। बुन्देलखण्ड में जब राई के राग पर नगड्याि की ध्वनि के साथ यह स्वर गूंजता है। गरजे हनुमान, लंका के हल गए कंगूरा तो मानो जनमानस में नई चेतना जाग उठती है। हनुमान बाहुक में तुलसीदास जी पवनपुत्र से प्रार्थना करते हैं क्रोध की जै कर्म को, प्रबोध की जै तुलसी को, यहां एक गहरा संदेश निहित है सज्जनों के प्रति प्रेम और दुर्जनों के प्रति उचित क्रोध, जीवन की संतुलित दृष्टि का आधार है। बुन्देलखण्ड के जनकवि ईसुरी ने भी अपने लोकगीतों में बजरंगबली के पराक्रम का सजीव चित्रण किया है। उनके शब्दों में हनुमानजी का अद्वितीय शौर्य और राक्षसों पर उनका प्रभाव स्पष्ट झलकता है जितने हते बाग रखवारे, इक बंदरा नै मारे, जो फल पाये, भाएं तो खाये। कतर-कतर कै डारे, बाराबाट बाग कर डारौ, विरवा बिरछ उखारे। ईसुर हुकुम दिये दसकंधर, अक्षयकुमार सिधारे। वहीं लोकपरंपराओं में लांगुरिया गीतों के माध्यम से अंजनीपुत्र के प्रति जन-जन का स्नेह और भक्ति प्रकट होती है। आज के समय में हनुमान जी का संदेश अत्यंत प्रासंगिक है अटूट विश्वास, निष्काम सेवा, अदम्य साहस और अनुशासित जीवन। यदि हम इन गुणों को अपने जीवन में उतार लें, तो व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर सकारात्मक परिवर्तन संभव है। हनुमान जन्मोत्सव केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है।

## 9.78 किलो अवैध गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जनपद में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तालबेहट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस ने 9.783 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के पर्यवेक्षण में चल रहे अभियान के दौरान कस्बा तालबेहट से वार्ड नंबर 01 मोहल्ला चौबयाना निवासी 48 वर्षीय शिवकुमारी पत्नी हरिशंकर बरार को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना तालबेहट में मु.अ.सं. 96/2026 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्ता ने बताया कि उसका पुत्र राजा गांजा लाकर देता था और वह दोनों मिलकर उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों में इसकी बिक्री कर मोटा मुनाफा कमाते थे। इसी आय से वह अपने घरेलू खर्च पूरे करते थे।

गिरफ्तार महिला को विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय भेजा जा रहा है। अभियुक्ता के विरुद्ध पूर्व में भी आबकारी अधिनियम के तहत तीन मामले दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा थाना तालबेहट अपनी टीम के साथ इस कार्रवाई में शामिल रहे।

## मजदूरी मांगने पर महिला से मारपीट

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम मिदरवाहा में मजदूरी के पैसे मांगने पर एक महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मिदरवाहा निवासी गुलाबो पत्नी तिती रैकवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने गांव के ही रक्षपाल रैकवार के खेत में 400 रुपये प्रतिदिन की दर से चार दिन तक फसल कटाई का कार्य किया था। आरोप है कि 31 मार्च 2026 की शाम जब वह अपनी मजदूरी के पैसे मांगने गईं तो पहले टाल दिया गया। इसके बाद रात करीब 9.30 बजे रक्षपाल रैकवार और उसके पिता अलीश रैकवार शराब के नशे में उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी से हमला कर दिया। दोनों ने मिलकर महिला के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## साधिका सुशीला देवी को दी राजनेताओं ने श्रद्धांजलि



**ललितपुर।** समाजसेवी स्व.बाबूलाल जैन साइकिल की धर्मपत्नी साधिका सुशीला देवी को आज मनोकामना स्थली जेडी वाडा में जनपद के राजनेताओं समाजसेवियों एवं सभ्रान्तजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व को नमन की। भाजपा नेता अजय जैन साइकिल, अरूण जैन, अनिल जैन, आनंद जैन की मातेश्वरी जिनमंदिर आराधना भक्ति व सेवा दोनों के लिए समर्पित रहीं। उन्हें अपने जीवन में तीर्थंकर भगवान के मातापिता जैसे महापात्र बनने का पुण्याजन मिला। आज उनको श्रद्धान्जलि अर्पित करने वालों में राज्यमंत्री मनोहरलाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष भाजपा हरिश्चंद रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, प्रेमचंद पटैल, जगदीश सिंह लोधी, रमेश सिंह, बब्बूराजा बुन्देला, डा.अक्षय टडैया, हरीश कपूर टीटू, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, महेश श्रीवास्तव, राजकुमार जैन, अक्षय अलया, अशोक, आकाश जैन, अजय बरया, मुन्नालाल जैन, मोदी पंकज जैन, अजय श्रीवास्तव, ध्रुव साहू, मनोज जैन पत्रकार, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, अजित भारती, अमित सोनी, विनीत चतुर्वेदी आदि प्रमुख रहे।

**कौमी एकता की मिसाल**

## बाबा सदनशाह के दर पर उमड़ा जनसैलाब जुनैद सुल्तानी की कव्वाली ने बांधा समां

**ललितपुर।** सांप्रदायिक सौहार्द और कौमी एकता के प्रतीक महान सूफी संत हजरत बाबा सदनशाह रहमतुल्लाह अलैह का 108वां सालाना उर्स अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जा रहा है। उर्स के दूसरे दिन हजारों की संख्या में जायरीन ने बाबा के आस्ताने पर हाजिरी दी और मखमली चादर पेश कर मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। बुधवार की रात पूरी तरह सूफियाना कलामों के नाम रही। कार्यक्रम की शुरुआत उर्स कमेटी के संरक्षक गुड्डू राजा बुंदेला और शशिभूषण सिंह बुंदेला द्वारा सैकड़ों समर्थकों के साथ परंपरागत चादर पोशी से हुई। इसके बाद महफिल-ए-कव्वाली का आगाज हुआ, जिसमें मशहूर कव्वाल जुनैद सुल्तानी ने अपनी मखमली आवाज से जायरीनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महफिल-ए-कव्वाली का रूहानी सफर जुनैद सुल्तानी ने कार्यक्रम का आरंभ अल्लाह की शान में हम्द से किया, जिसके बोल कुछ इस तरह थे। तेरी महफिल में जो भी आता है खाली नहीं जाता, तेरा जलवा कहीं भी नजरों से टाली नहीं जाता। दो आलम का तू मालिक है, तू ही सबका सहारा है, तेरे दर के सिवा कोई कहीं सुवाली नहीं जाता। इसके बाद उन्होंने नबी की शान में खूबसूरत नाते पाक पेश की। नूर से अपने खुदा ने है बनाया तुमको, ताज सरवर का सर पे सजाया तुमको। सारी मखलूक तरसती है जिसे देखने को, अर्श पर रब्ब ने अपने पास बुलाया तुमको। सिलसिला आगे बढ़ा और मौला अली व वलियों की शान में मनकवत का दौर शुरू हुआ, अल्लाह की रहमत का पता मिलता है इनसे, ईमान का रोशन हर दीया मिलता है इनसे। दर-दर भटकने की भला क्या जरूरत है, मुश्किल में जो चाहो वो खुदा मिलता है इनसे। जैसे-जैसे रात परवान चढ़ी, माहौल रूहानी होता गया। अंत में जुनैद सुल्तानी ने अपनी मशहूर गजल से समां बांध दिया। नजर नजर का फर्क है, नजर को पहचानो तुम, किसी की याद में जलने को इबादत मानो तुम। मोहब्बत की राहों में सलीका बहुत जरूरी है, झुकना जहां पड़े उसे बंदगी जानो तुम।



### आज अनीस नवाब की प्रस्तुति 4 को सामूहिक विवाह होगा

उर्स कमेटी के जनरल सेकेट्री मोहम्मद नसीम ने बताया कि उर्स का आकर्षण अभी और बढने वाला है। आज यानी शुक्रवार को कव्वाली के आखिरी दिन टीवी सिंगर और इंटरनेशनल फेम अनीस नवाब अपना फन पेश करेंगे। जायरीनों में उन्हें सुनने के लिए भारी उत्साह देखा जा रहा है। वहीं, 4 अप्रैल को उर्स के पाक मौके पर इज्तिमाई शादियां (सामूहिक विवाह) संपन्न कराई जाएंगी, जिसमें 30 जोड़े निकाह के बंधन में बंधेंगे।

**मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत हक की बात, मेगा इवेंट संपन्न**

## बेटियों की शिक्षा में आर्थिक स्थिति नहीं बनेगी बाधा, कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में कराएंगे प्रवेश: जिलाधिकारी सत्यप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत हक की बात जिलाधिकारी के साथ (मेगा इवेन्ट) का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार में किया गया, जहां बेटियों ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश को अपने मन की बात कही और समाज में सुधार हेतु अपने-अपने सुझाव दिये।

जिलाधिकारी ने बेटियों को सम्बोधित करते हुए आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं, किसी भी प्रतियोगी परीक्षा या बोर्ड परीक्षा में बेटियां टॉप करती हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी बेटी के शिक्षा में आर्थिक स्थिति बाधा नहीं बनेगी, इसके लिए जिले में कस्तूरबा बालिका विद्यालय संचालित हैं, यहां रहना, खाना सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिन बच्चियों का परिवार आर्थिक रुप से कमजोर है, वे बच्चियां कभी भी हम से सम्पर्क करें, उन्हें इन आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाया जाएगा, इसके साथ ही यदि उन्हें कोई समस्या है, तो दैनिक जनसुनवाई में हमें या पुलिस अधीक्षक को अपनी बात बिना डरे बतायें, आपकी तत्काल मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के अलावा जीवन को बेहतर बनाने का और कोई तरीका नहीं है, इसलिए पढ़ाई पर फोकस करें। शिक्षा के लिए आपको छात्रवृत्ति सहित अनेकों योजनाओं का लाभ मिल सकता है, जिसकी जानकारी आज आपको दी जा रही है। उन्होंने छात्राओं को साईबर अपराध, महिला अपराध के प्रति जागरुक करते हुए विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने बालिकाओं को बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा के लिए अनेकों कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं, जिनमें उन्हें उनके अधिकार व कर्तव्यों के बारे में बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी आवश्यकता की स्थिति में पुलिस हेल्पलाइन नम्बर-112 लगायें, आपको तत्काल सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। इसके अलावा चाइल्ड हेल्पलाइन-नम्बर 1098, महिला हेल्पलाइन नम्बर-1090, साईबर सुरक्षा हेल्पलाइन नम्बर-1930, पुलिस हेल्पलाइन नम्बर-112, एम्बुलेंस-108 तथा घर पर किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता के लिए हेल्पलाइन नम्बर-181 के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने भी अपनी समस्याएं बतायीं और सुझाव भी दिये, छात्रा वैष्णवी ने पिता की मृत्यु के उपरान्त भरण-पोषण व शिक्षा के लिए अपने दादा व चाचा से आर्थिक सहायता दिलाये जाने की मांग की, थाना जखौरा निवासी आरती ने कुछ दबंगों के द्वारा उनके ससुर के साथ मारपीट करने व गांव में न रहने देने की शिकायत की, नेहरुनगर निवासी नेहा त्रिपाठी ने परिवार वालों के द्वारा परेशान करने व घर से निकलने को मजबूर करने की शिकायत की, जिस पर महिला थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये गए। इसी छात्रा सुरभि कुशवाहा ने परेशानी की घड़ी में 181 हेल्पलाइन के रैपिड रिस्पोंस की सराहना की तो वहीं अन्य छात्रा ने मेडिकल कॉलेज में बुजुर्गों के लिए हेल्पडेस्क, कक्षों का विवरण व चिकित्सकों का ड्यूटी चार्ट लगवाने का सुझाव दिया, इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मौके पर छात्रा मनीषा ने जिले में महिला सशक्तिकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

